# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 अक्टूबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के संजय गांधी पीजीआई में एक हजार एक सौ सैंतालीस करोड़ रूपये की एडवांस डायबिटिज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ड सेन्टर और कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी के हास्टल का उद्घाटन किया। साथ ही एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ड सेन्टर के द्वितीय चरण और रैन बसेरे का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दो हजार सत्रह से पहले जहां प्रदेश में केवल अट्ठारह जिलों में ही मेडिकल कॉलेज थे, वहीं आज चौसठ जिलों में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे है। प्रदेश आज वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में एमबीबीएस और पीजी की सीटें पहले की तुलना में दो गुनी बढ़ गयी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सात दिवसीय सिल्क एक्सपो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडीमेड गारमेन्टस के लिये हमारे पास संसाधन और संभावना दोनो उपलब्ध है, यदि महिलाओं को रेशम उत्पादन, प्रोसेसिंग, रेडिमेड, गारमेंट, डिजाइनिंग, मार्केटिंग और पैकेजिंग के साथ जोड़ लिया जाए तो प्रदेश और देश इस व्यापार में दुनियाभर में अपनी धमक बना सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेशम उत्पादन को चौरासी गुना बढ़ाने में हमने सफलता प्राप्त की है। अब वह समय आ गया है कि प्रदेश का किसान रेशम उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों मे गिना जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रेशम मित्र पत्रिका का विमोचन किया और सोलह कृषकों, उद्यमियों, संस्थाओं तथा डिजाइनरों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सिल्क एक्सपो में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे।

**********

अयोध्या में दीपावली के अवसर पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारी जोर–शोर से चल रही है। इस बार भगवान राम की नगरी में दीपोत्सव पर पच्चीस लाख दीप जलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दीपोत्सव की सफलता की मनोकामना के लिए परंपरा के अनुसार आज अवध विश्वविद्यालय की ओर से राम की पैडी पर धार्मिक अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर यजमान के रूप में कुलपति प्रतिभा गोयल मौजूद रहीं। अनुष्ठान के बाद कुलपति ने कहा कि जन्मभूमि पर रामलला के स्थापित होने के बाद आयोजित होने वाले इस पहले दीपोत्सव को लेकर बहुत उत्साह है।

**********

वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने का भी आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराये जाने की मांग को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अब आठ नवंबर को सुनवाई होगी। प्रयागराज हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन की पीठ ने दलील सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख दे दी है।

**********

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ई–श्रम पोर्टल की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तक विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ निर्बाध पहुंचना सुनिश्चित करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने श्रमिकों से ई–श्रम पोर्टल से जुड़ने की अपील की है।

**********

प्रदेश के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सभी जिलों के जिला प्रशासन को एक आदेश जारी कर समस्त राज्य कर्मचारियों और सहायता प्राप्त तथा प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में दीपावली से पहले वेतन के भुगतान का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि दीपावली पर्वों की श्रृंखला को देखते हुए कर्मचारियों की सुविधा के लिये राज्यपाल ने दीपावली से पहले वेतन भुगतान की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गये एक मैच में आज चंडीगढ़ की महिला टीम ने त्रिपुरा की टीम को आठ विकेट से हरा दिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सीनियर महिला टी–20 प्रतियोगिता के ग्रुप डी के मुकाबले में त्रिपुरा ने टास्क जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए, एक सौ एक रन बनाये। जवाब में उतरी चंड़ीगढ की टीम ने मात्र दो विकेट खो कर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एक अन्य मैच में रेलवे की महिला टीम ने केरल की टीम को पैंतीस रन से हराया।

**********

गोरखपुर के रामगढ़ताल में कल से छब्बीस अक्टूबर तक सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। इसमें बीस राज्यों के दो सौ तैंतालीस खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव करेंगे। अंतिम दिन समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

**********